वीडियो प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश

एक्सेस एग्रीकल्चर पर वीडियो प्रस्तुत करने के लिए हम से संपर्क करने से पहले कृपया निम्न दिशा निर्देशों को ध्यान से पढ़े।

वीडियो प्रस्तुत करने से पहले सबसे विचारणीय मुद्दा यह है कि क्या :

- वीडियो का केंद्र बिंदु प्रशिक्षण है ?
- कृषि, टिकाऊ भूमि प्रबंध या कृषि व्यापार प्रणाली से सम्बंधित है ?
- विकासशील देशों के लिए उपयुक्त है ?
- किसान से किसान के लिए व्यवहारिक सुझाव देता है ?
- और 20 मिनट से कम अवधि का है ?

ये अवश्य ही नहीं हो

- किसी विशेष उत्पाद को प्रोत्साहित करता हो।
- किसी परियोजना की सफलता की सूचना मात्र दे रहा हो।

इसके अतिरिक्त, यह आवश्यक है कि कार्यक्रम के साथ में हो :

- एक सही आलेख इंगलिश या फ्रेंच में वर्ड डॉक्यूमेंट के रूप में।
- यदि कार्यक्रम स्वयं में इंगलिश या फ्रेंच नहीं है तो दिया गया आलेख कार्यक्रम की भाषा में इंगलिश या फ्रेंच अनुवाद के साथ अवश्य हो।

वीडियो के संदर्भ में

- कृपया वीडियो फाइल को जितना संभव हो उच्च रेसोलुशन और बड़े आकार की दें।
- यदि सुविधाजनक हो तो आप वीडियो को टेप के रूप में भी दे सकते है।
- आदर्शतः आप वीडियो को बिना वौइस् ओवर के दें , लेकिन पार्श्व की आवाज तथा साक्षातकर्ता की आवाज के साथ हो। यह नई भाषा के कार्यक्रम संस्करण को और भी व्यावसायिक रूप करने में सक्षम होगा।

हमें कार्यक्रम संबधी कुछ विशेष जानकारी देने के लिए आपको एक फॉर्म भरने की आवश्यकता होगी:

- शीर्षक - स्पेस सहित 30 अक्षरों से कम में
- लघु विवरण - स्पेस सहित 128 अक्षरों में
- विस्तृत विवरण - इसमें शब्दों की सीमा नहीं है लेकिन इसे छोटा रखने का विवेक रखे
- यह भी बतायें कि आपके विचार से यह किस कार्यक्रम वर्ग की उपयुक्त है
- यदि आपके पास कोई अतिरिक्त विषयवस्तु है जी वीडियो के साथ रखी जा सकती है तो उसे भी भेजे, यदि उपयुक्त हुई तो उसे भी वीडियो के साथ डाउन लोड करने के लिए उपलब्ध किया जावेगा

याद रखे !
एक्सेस एग्रीकल्चर वीडियो डाउनलोड करने के लिए बिना रोक टोक दोनों ही - वीडियो और ऑडियो रूप में उपलब्ध है। यदि आपके लिए कॉपी राइट एक समस्या है तो कृपया वीडियो प्रस्तुत न करें।

© Access Agriculture 2019